वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि

(एम. कॉम (पुराना)

प्रथम वर्ष

सत्रीय कार्य

2025–2026

जुलाई 2025 तथा जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68

सत्रीय कार्य – 2025–2026

प्रिय छात्र / छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2025 और जनवरी 2026)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2025** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2026** तक है।

2. जो **जनवरी 2026** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2026** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 अक्टूबर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

अध्यापक जांच सत्रीय कार्य

पाठ्यक्रम का कोड	**:**	**आई. बी. ओ. -04**
पाठ्यक्रम का शीर्षक	**:**	**निर्यात - आयात प्रक्रिया और प्रलेखीकरण**
सत्रीय कार्य का कोड	**:**	**आई. बी. ओ. -04/ टी. एम. ए. / 2025-26**
खण्डों की संख्या	**:**	**सभी खण्ड**

अधिकतम अंक : 100

सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए

1. पोत – लादान पूर्व निरिक्षण क्या है ? निर्यात के लिए माल तैयार करने तथा उसे बंदरगाह तक पुहुंचाने से संबंधित कार्यवाही का वर्णन कीजिए। माल के वाहक को सौंपे जाने के बाद बैंक में कौन से प्रलेख जमा करने पड़ते हैं ? उल्लेख कीजिए। **(4+8 +8)**

2. (क) निर्यात आय प्राप्त करने के दृष्टिकोण से निर्यातक के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्प क्या हैं? उन्हें सुरक्षा के क्रम में व्यवस्थित करें। इन विकल्पों में प्रत्येक के साथ जुड़े जोखिम का उल्लेख करें। **(10+10)**

(ख) 'स्वीकृति पर प्रलेखों की वसूली' के तहत भुगतान प्राप्त करने की विधि पर चर्चा करें। यह 'भुगतान पर प्रलेखों की वसूली' से किस प्रकार भिन्न है?

3. निम्नलिखित पर टिप्पणी कीजिए: **(4X5)**

(क) मौखिक अनुबंध कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं हैं।

(ख) ECGC निर्यातक द्वारा उठाए गए नुकसान का 100 प्रतिशत भुगतान करता है।

(ग) निर्यात किए गए माल को अप्रत्यक्ष करों से न तो छूट दी जाती है और न ही उन्हें वापस किया जाता है।

(घ) FEMA को विदेशी मुद्रा विनिमय से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के लिए लाया गया है।

4. निम्नलिखित के बीच अंतर कीजिए: **(4X5)**

(क) वाणिज्य दूतीय बीजक (Consular Invoice) और सीमा शुल्क बीजक (Customs Invoice)

(ख) व्यापारिक दृष्टिकोण और विधिक दृष्टिकोण

(ग) व्यापार नियंत्रण और विदेशी मुद्रा नियंत्रण

(घ) पोत – लदानोत्तर वित्त और पोत – लदान पूर्व वित्त

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए: **(4X5)**

(क) विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999

(ख) ऋण जोखिम

(ग) प्रक्रमण में गुणवत्ता नियंत्रण

(घ) ओपन कवर (खुला सरंक्षण)